दैनिक भास्कर 27/07/2021

जीएमएन कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने दी श्रद्धांजलि

अम्बाला | कारगिल दिवस पर जीएमएन कॉलेज, एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने शहीदों की शहादत, शौर्य व बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया और प्रतिमाओं के सामने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सीटीओ डॉ. ऋतु गुप्ता ने सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अगर वो न होते तो हम भी न होते। प्रिंसिपल डॉ. राजपाल सिंह ने मातृभूमि के अमर शहीदों को नमन किया। मौके पर एसयूओ हर्षिता,यूओ रबनूर,सार्जेंट शिवांगी,कैडेट पूजा, वंशिका, काजल, रश्मि, शालिनी, रितिका, अमन, साक्षी, गुंगुन, शिवानी, मेघा, संजना, कामिनी, राधिका, सेजल, प्रगति, ऋचा मौजूद रहे।